बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग
आवश्यक सूचना

श्री एकबाल अहमद, कनीय अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–02, बखरी, बेगूसराय के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रतिवेदित आरोप के आधार पर विभागीय स्तर पर आरोप पत्र का गठन करते हुए विभागीय कार्रवाई के संचालन हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में श्री विनोद कुमार रंजन, अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, मुंगेर को संचालन पदाधिकारी एवं श्री दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–02, बखरी, बेगूसराय को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नामित किया गया है।

उपर्युक्त से संबंधित सूचना विभागीय ज्ञापांक–4531 दिनांक 19.08.2026 द्वारा श्री अहमद को उनके ई–मेल एवं स्थायी पते पर निबंधित डाक द्वारा दो बार प्रेषित किया गया। परन्तु, इसे डाक विभाग द्वारा Refused संबंधी टिप्पणी अंकित कर विभाग को लौटा दिया गया।

उक्त के आलोक में श्री एकबाल अहमद, कनीय अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–02, बखरी, बेगूसराय को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 07 (सात) कार्य दिवसों के अंदर विभागीय मुख्यालय से वांछित कागजात प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
(ददन प्रसाद खरवार)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था07/01–28/2025-6401/यो0वि0, पटना, दिनांक 12 नवम्बर, 2026

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Dasad
12/11/2026
सरकार के उप सचिव

I. T. Managan.